आया मेला श्याम का खाटू जाऊंगा

आया मेला श्याम का खाटू जाऊंगा,
मम्मी क़र तैयार निशान उठाऊंगा,
जय जय श्री श्याम बोलो जय जय श्री श्याम बोलो......

आया मेला श्याम का खाटू जाऊंगा,
मम्मी क़र तैयार निशान उठाऊंगा,
छोटे सी एक ध्वजा बना दे बाबा की,
बाबा के चरणों में चढ़ाके आऊंगा,
आया मेला श्याम का खाटू जाऊंगा,
मम्मी क़र तैयार निशान उठाऊंगा ॥

माँ मुझको है लगन लगी,
उस श्याम सलोने की,
मुझको ना दरकार किसी,
अब खेल खिलोने की,
बना दे खीर चूरमा भेट चढ़ाऊंगा,
मम्मी क़र तैयार निशान उठाऊंगा,
आया मेला श्याम का खाटू जाऊंगा,
मम्मी क़र तैयार निशान उठाऊंगा ॥

माँ लौरी के बदले में,
मुझे भजन सुनाया करो,
श्याम के हर पर्चे को तुम,
मुझको बतलाया करो,
भजनो से में श्यामधणीपुर जाऊंगा,
मम्मी क़र तैयार निशान उठाऊंगा,
आया मेला श्याम का खाटू जाऊंगा,
मम्मी क़र तैयार निशान उठाऊंगा ॥

माँ मुझको अब दिल्ली की,
ना सैर कराया करो,
हर महीने ग्यारस मुझको,
खाटू ले जाया करो,
श्याम की सेवा को मैं कर्म बनाऊंगा,
मम्मी क़र तैयार निशान उठाऊंगा,
आया मेला श्याम का खाटू जाऊंगा,
मम्मी क़र तैयार निशान उठाऊंगा ॥

कलयुग में माँ श्यामधणी की महिमा न्यारी है,
हारे को ये गले लगाता लखदातारी है,
संग रसिक मैं बाबा के दर जाऊंगा,
मम्मी क़र तैयार निशान उठाऊंगा,

आया मेला श्याम का खाटू जाऊंगा,
मम्मी क़र तैयार निशान उठाऊंगा ॥

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23914/title/aaya-mela-shyam-ka-khatu-jaauga

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |